Bareilly Monday
1 May 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 4: MIDDLE

अभिनय से जीत लिए दिल

● भावपूर्ण अभिनय से नाटक में फूंकी जान.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (30 April): एसआरएमएस रिद्धिमा में संडे को दया प्रकाश सिन्हा द्वारा लिखित और एकलव्य थिएटर देहरादून द्वारा प्रस्तुत नाटक 'कथा एक कंस की' का मंचन हुआ. इस में कथा कंस की मानसिक वेदना एवं व्यक्तित्व में तनावपूर्ण परिवर्तन को दर्शाया गया. नाटक में दिखाया गया कि हम सब कंस के व्यक्तित्व को नकारात्मक तौर पर जानते हैं. कृति में यह दर्शाया गया है कि व्यक्ति जन्म से नकारात्मक नहीं होता, बल्कि स्थितियां एवं मानसिक उत्पीड़न ही किसी व्यक्ति को नकारात्मकता की ओर ले जाती है. कहानी के अंत में मानसिक द्वंद में छटपटाता हुआ कंस बहुत अकेला पड़ जाता है. मानवीय संवेदनाओं और संबंधों से दूर नितांत गहराई में जाते कंस के साथ ही नाटक खत्म हो जाता है. कलाकारों ने नाटक में जान फूंक दी. अखिलेश नारायण ने कंस की भूमिका, शालिनी चौहान ने देवकी, शैलेष कुशवाहा ने वसुदेव, हेमलता पांडे ने बाल कंस, सुमित ध्रुवा गौड़ ने उग्रसेन की भूमिका निभाई.